# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित


www.avadhkaawaz.com

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–155 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 5 सितम्बर 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया


## सीएम योगी ने किया बाढ़ ग्रस्त इलाके का हवाई सर्वे, बोले–न कोई भूखा रहेगा, न बेघर

गोरखपुर(वेब वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता से युद्ध स्तर पर बचाव एवं राहत कार्य में लगा है। बाढ़ से प्रभावित कोई भी व्यक्ति न तो भूखा सोएगा और न ही कोई बेघर रहेगा। इस संबंध में प्रशासन के स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है। न केवल बाढ़ बल्कि इसके बाद भी नागरिकों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए कार्ययोजना बना ली गई है। सीएम ने कहा कि प्रदेश के हरेक नागरिक का जीवन हमारे लिए अमूल्य है। हम आश्वस्त करते हैं कि आपदा के इस समय मे सरकार पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से आपके से खड़ी है। सीएम योगी शुक्रवार से पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सघन दौरे पर हैं। सीएम योगी 'हर समय सरकार उनके साथ' होने के भरोसे के साथ अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं कि किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। शनिवार को सिद्धार्थनगर व महराजगंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद वह गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने झंगहा, खजनी, सहजनवां और लालडिग्गी में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और राहत सामग्री का वितरण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल में भारी बारिश से पूर्वांचल के करीब 15 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। गोरखपुर में करीब 304 गांवों की 2.26 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। यहां 405 नाव और 50 स्टीमर लगाए गए हैं। बाढ़ चौकियों व कंट्रोल रूम के जरिए बाढ़ पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राप्ती खतरे के निशान से ढाई से तीन मीटर ऊपर बह रही। पिछले 50 सालों में नदियों का जलस्तर बढ़ने की इतनी खतरनाक स्थिति कभी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हमनें 1991 व 1998 की स्थिति को भी देखा है। सीएम ने कहा कि बचाव के लिए समय पूर्व किए गए प्रभावी इंतजामों से जन व धन हानि को रोकने का पूरा प्रयास किया गया। इसमें कामयाबी भी मिली। बाढ़ की आशंका को देखते हुए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी की फ्लड यूनिट को पहले से ही सक्रिय कर दिया गया था। पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था के साथ राहत सामग्री का पर्याप्त इंतजाम है। सीएम ने कहा कि हम पिछले डेढ़ साल से कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं और अब बाढ़ से भी, लेकिन धैर्य के साथ इस संकट का मुकाबला करते हुए हम शीघ्र ही बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण प्राप्त कर लेंगे। सीएम योगी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है। हर राशन सामग्री किट में 10–10 किलो चावल और आलू के अलॉस 2 किलो अरहर दाल, रिफाइंड तेल, नमक, हल्दी, मिर्च, मसाले के पैकेट, लाई, चना, गुड़, की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी रेबीज वैक्सिन व एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रहे। सीएम ने कहा कि जलजमाव के चलते हैजा, डायरिया जैसी बीमारियों की आशंका को देखते हुए ऐसे क्षेत्रों में ओआरएस के पैकेट बांटने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को इन बीमारियों से होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। साथ ही पेयजल को शुद्ध रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग को क्लोरीन टैबलेट बांटने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की मृत्यु अत्यंत दुखदाई होती है। फिर भी



मोमबत्ती, दियासलाई आदि के साथ ही छाता व बरसाती भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन दिन के भीतर सभी पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन घरों में बाढ़ या बारिश का पानी घुस गया है, उन परिवारों के भोजन के लिए कम्युनिटी किचेन की व्यवस्था की जा रही है। सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि एक भी नागरिक भूखा न रहने पाए। पानी से घिरे लोगों को उनके दरवाजे पर ही भोजन पैकेट उपलब्ध करा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के पशुओं का भी सरकार को खयाल है। प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं को भूसे–चारे का संकट न हो, इसके लिए भी प्रशासन को निर्देशित किया गया है। हमें मनुष्यों के साथ उनके पशुओं को भी बचाना है। सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ के समय सांप व अन्य जहरीले जंतुओं तथा कुत्तों के द्वारा काटने आपदा में किसी की मृत्यु होने पर संबंधित के परिवार को चार लाख रुपये तत्काल आर्थिक सहायता देने का निर्देश प्रशासन को दिया गया है। सांप या अन्य हिंसक–जहरीले जानवर के हमले में मृत्य पर भी यह मदद दी जाएगी। बाढ़ के चलते किसी किसान या बटाईदार की मृत्यु पर उसे तत्काल मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये की बीमा से आच्छादित करने का निर्देश प्रशासन को दिया गया है। इसी तरह यदि किसी व्यक्ति के पालतू पशु (गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी आदि) की बाढ़ के चलते मृत्यु हो जाती है तो उसके लिए भी सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के चलते जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उसके लिए भी सरकार 95 हजार रुपये तक अनुमन्य धनराशि देगी। यदि किसी का मकान कटान के चलते नदी में विलीन हो गया है तो सरकार उसे न केवल आवास के लिए भूमि का पट्टा देगी, बल्कि उसके लिए सीएम आवास योजना से आवास की भी व्यवस्था की जाएगी। जब तक आवास की व्यवस्था नहीं होती तब तक ऐसे लोगों को सरकार की तरफ से संचालित शरणालयों में जगह दी जाएगी। सीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में किसी को बेघर नहीं रहने देंगे। सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों के बर्बाद फसलों की क्षतिपूर्ति का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलें बाढ़ के पानी में डूब गई हैं, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए अभी से सर्वेक्षण भी शुरू करा दिया गया है। ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि सभी प्रभावित किसानों को समय से फसल मुआवजा मिल जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलजमाव के चलते इंसेफे लाइटिस, डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचाव के लिए हर क्षेत्र में 5 सितंबर से 12 सितंबर तक एक सप्ताह का विशेष स्वच्छता, सैनिटाइजेशन व फॉगिंग का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए लखनऊ से अधिकारी भी क्षेत्रों में भेजे जा रहे हैं। चौरीचौरा तहसील के झंगहा स्थित आदित्य पब्लिक स्कूल में बाढ़ राहत सामग्री वितरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव को लेकर सरकार ने पहले से तैयारी कर रखी थी। यह आपदा है और आपदा में कितने भी संसाधन या उपाय हों, कम पड़ जाते हैं। बाढ़ से बचाव के लिए अकेले चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में 18 करोड़ रुपये की परियोजनाएं दी गईं जो पूर्ण या पूर्णता की ओर हैं।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा कमिश्नरेट, लखनऊ के थाना हजरतगंज का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

अवध की आवाज

लखनऊ। मुकुल गोयल, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 04.09.2021 को थाना हजरतगंज, कमिश्नरेट लखनऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महा निदेशक के जी0एस0ओ0 सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहें। पुलिस महा निदेशक, उ0प्र0 द्वारा थाना हजरतगंज कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल एवं महिला थाना का निरीक्षण किया गया। महिला हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान आगन्तुक व कार्यवाही रजिस्टर का अवलोकन कर उसमें अंकित आगन्तुक के नम्बर पर वार्ताकर फीडबैक लिया गया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों को शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति तृतीय चरण में आबंटित बीट की महिला बीट कर्मियों से वार्ता कर उन्हें निरन्तर बीट में भ्रमण करने तथा भ्रमण के दौरान बुजुर्ग महिलाओं, महिलाओं व बच्चियों के प्रति संवेदनशील रहकर उनकी समस्याओं का समुचित निस्तारण करना व उनको जागरूक करने के निर्देश दिये गये। महिला थाना के निरीक्षण के दौरान लम्बित विवेचनाओं का समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त महिला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि मिडियेशन के पश्चात विवेचनाए अनावश्यक रूप से लम्बित न रहे। का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को रजिस्टरध्अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उनके रखरखाव के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। डीसीपी, एडीसीपी एवं एसीपी लखनऊ को विवेचनाओं



साइबर सेल के निरीक्षण के दौरान वहॉ मौजूद शिकायतकर्ता से वार्ता कर उनसे फीडबैंक लिया गया, उपस्थित पुलिस कर्मियों को साइबर हेल्प लाइन नम्बर 155260 के ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार की हिदायत दी गयी। पुलिस महा निदेशक,उ0 प्र0, महोदय द्वारा थाना हजरतगंज कार्यालय के निरीक्षण के दौरान हत्या बलवा रोकथाम रजिस्टर, थाना प्रभारी का मासिक निरीक्षण रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, राजपत्रित अधिकारियों का आकस्मिक निरीक्षण रजिस्टर एवं महिला बीट वितरण रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा सीसीटीवी कैमरों का भी समय समय पर निरीक्षण कर उसके रखरखावध्क्रियाशीलता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। थाना परिसर की साफ–सफाई एवं रजिस्टरोंध अभिलेख के अद्यावधिक न होने व रखरखाव ठीक न होने पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय द्वारा गहरा रोष व्यक्त करते हुये पुलिस आयुक्त लखनऊ को प्रभारी निरीक्षक थाना हजरतगंज को हटाने व जॉच के निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त समाचार



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एम0वी0एस0 रेड्डी, अपर मुख्य सचिव , उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी जनपद उन्नाव एवं जिलाधिकारी महोदय उन्नाव व पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव तहसील हसनगंज में जनता की समस्याओं को सुनते हुए।



उन्नाव। तहसील हसनगंज में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराते हुए जनपदीय नोडल अधिकारी महोदय/अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, श्री एम०वी०एस० रामी रेड्डी जी व जिलाधिकारी महोदय श्री रविंद्र कुमार,पुलिस अधीक्षक महोदय,मुख्य विकास अधिकारी महोदय।



लखनऊ। होटल ताज में अयोध्या में होने वाली रामलीला के कलाकारों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक।

## शिक्षकों का सम्मान समारोह सी एम एस गोमतीनगर में आज 5 सितंबर 2021 को

अवध की आवाज

लखनऊ। राज्य शिक्षक सम्मान/मुख्यमंत्री शिक्षक सम्मान एवं जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह सी एम एस गोमतीनगर में आज 5 सितंबर 2021 को 12 बजे आयोजित किया जाएगा। सभी शिक्षकों को मा उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में गत वर्ष में चयनित 9 राज्य पुरस्कार तथा 8 मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु चयनित प्रदेश के 17 शिक्षकों तथा जनपद लखनऊ के 75 अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा।

## अशोक मार्ग स्थित कूलब्रेक रेस्टोरेण्ट के बेसमेण्ट में पुर्नविस्थापित होगी पार्किंग

अवध की आवाज

लखनऊ। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा पार्किंग पुर्नस्थापित कराये जाने हेतु दिये



गये आदेशों के क्रम में आज प्रवर्तन, जोन–6 के अधिशासी अभियन्ता कमल जीत सिंह ने बताया कि अशोक मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ पर निर्मित कूलब्रेक रेस्टोरेण्ट के बेसमेण्ट में निर्मित पार्किंग व्यवस्था को सुचारू कराये जाने के लिए बेसमेण्ट में निर्मित आफिस इत्यादि को हटवाया गया। उन्होंने आगे बताया कि स्थल पर शीशे से बने भाग को हटाये जाने पर कार्यवाही होते देखकर भवन स्वामी द्वारा स्थल पर उपस्थित होकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए दो दिन के समय की मांग करते हुए यह भी आश्वासन दिया गया कि उक्त कार्यवाही के उपरान्त प्रश्नगत भवन के सामने कोई वाहन खड़ा होने नहीं दिया जायेगा। स्थल पर उपस्थित सहायक अभियन्ता एस. एन. प्रसाद व अवर अभियन्ता सुशील वर्मा द्वारा विपक्षी को प्रत्येक दशा में दो दिनों में स्वयं से उक्त कार्यवाही पूर्ण कराते हुए विभाग को अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये।


## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने हेतु लाभार्थी खाते में अपडेट कराये ई-केवाईसी

अवध की आवाज

उरई (जालौन) प्रधानमंत्री मातृ योजना सप्ताह के चौथे दिन शुक्रवार दिनांक 04 सितम्बर 2021 को हेड पोस्ट आफिस उरई में संचालित इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के सीनियर ब्रांच मैनेजर श्री राहुल चौधरी के साथ समन्वयक बैठक करते हुये योजना का पेमेंट ट्रांसफर में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा कि गयी स सीनियर ब्रांच मैनेजर श्री राहुल चौधरी द्वारा अवगत कराया गया कि कई लाभार्थियों द्वारा पोस्ट आफिस में संचालित आरडी के खाता संख्या भी दे दिए जाते हैं जिनमे शासन कि लाभकारी योजना का पैसा पहुचेने में समस्या आ जाती है स पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से अब ई–केवाईसी आधार पर ही बैंक खाते खोले जा रहे हैं स उन्होंने कहा कि दूसरे अन्य बैंको में भी अगर लाभार्थी को अनुदानिक सहायता राशि प्राप्त होने में समस्या आ रही हो तो वो इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक कि किसी भी ब्रांच में पहुचकर तत्काल खाता खुला सकते है, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन द्वारा गर्भवती महिलाओं के सहायतार्थ संचालित योजना है अतः मैं और मेरा पूरा स्टाफ पात्र महिलाओ को खाता खोलने सम्बन्धी हर संभव मदद उपलब्ध कराएँगे ब्रांच मैनेजर श्री धरमवीर गौतम ने कहा प्रधानमंत्री मातृ वंदना



के ऐसे लाभार्थी जिनका भुगतान किसी भी बैंक खाते सम्बन्धी समस्या के कारण रुका हुआ हो, भले ही बह किसी अन्य बैंक का खाता ही क्यों न हो आप उनकी सूची हमे उलब्ध करा दें, हम अपने पोस्टमैन के माध्यम से उनके पते को खोज्वाकर उनका पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलाकर लाभ उपलब्ध कराने में मदद करने का प्रयास अवश्य करेंगे। सीएमओ कार्यालय के अर्वन कोर्डिनेटर संजीव चन्देरिया द्वारा बैठक के माध्यम से २५ पात्र महिलाओं कि सूची भी साझा कि गयी जिनके बैंक खाते में आंशिक त्रुटी के कारण पैसा नही पहुच पा रहा है जिन्हें तत्काल प्रभाव से सुधारते हुये सही खाता संख्या उपलब्ध कराए गये बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक मिश्रा, सहायक रामकेश कुशवाहा, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## शिक्षकों के सामने 'नया भारत' बनाने की चुनौती

**शिक्षक दिवस ( 5 सितंबर) पर विशेष**

शिक्षक मनुष्य का निर्माता है। एक शिक्षक की भूमिका बच्चों को साक्षर करने से ही खत्म नहीं हो जाती बल्कि वह अपने छात्रों में आत्मबल, आदर्श, नैतिक बल, सच्चाई, ईमानदारी, लगन और मेहनत की वह मशाल भी जलाता है जो उसे पूर्ण मनुष्य बनाते हैं।

जब हर रिश्ते को बाजार की नजर लग गयी है, तब गुरू–शिष्य के रिश्तों पर इसका असर न हो ऐसा कैसे हो सकता है ? नए जमाने के नए मूल्यों ने हर रिश्ते पर बनावट, नकलीपन और स्वार्थों की एक ऐसी चादर डाल दी है, जिसमें असली सूरत नजर नहीं आती। अब शिक्षा बाजार का हिस्सा है, जबकि भारतीय परंपरा में वह गुरु के अधीन थी, समाज के अधीन थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षकों से कुछ विशिष्ठ अपेक्षाएं की हैं और उनके निरंतर प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण पर भी जोर दिया है। ऐसे समय में जब भारत अनेक क्षेत्रों में प्रगति की ओर अग्रसर है, हमारे अध्यापकों की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है क्योंकि उनके जिम्मे ही श्रेष्ठ, संवेदनशील और देश भक्त युवा पीढ़ी के निर्माण का दायित्व है।

पूंजी के शातिर खिलाड़ियों ने जब से शिक्षा के बाजार में अपनी बोलियां लगानी शुरू की हैं तबसे हालात बदलने शुरू हो गए थे। शिक्षा के हर स्तर के बाजार भारत में सजने लगे थे। इसमें कम से कम चार तरह का भारत तैयार हो रहा था। आम छात्र के लिए बेहद साधारण सरकारी स्कूल थे जिनमें पढ़कर वह चौथे दर्जे के काम की योग्यताएं गढ़ सकता था। फिर उससे ऊपर के कुछ निजी स्कूल थे जिनमें वह बाबू बनने की क्षमताएं पा सकता था। फिर अंग्रेजी माध्यमों के मिशनों, शिशु मंदिरों और मंझोले व्यापारियों की शिक्षा थी जो आपको उच्च मध्य वर्ग के करीब ले जा सकती थी। और सबसे ऊपर एक ऐसी शिक्षा थी जिनमें पढ़ने वालों को शासक वर्ग में होने का गुमान, पढ़ते समय ही हो जाता है। इस कुलीन तंत्र की तूती ही आज समाज के सभी क्षेत्रों में बोल रही है। इस पूरे चक्र में कुछ गुदड़ी के लाल भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं, इसमें दो राय नहीं किंतु हमारी व्यवस्था ने वर्ण व्यवस्था के हिसाब से ही शिक्षा को भी चार खानों में बांट दिया है और चार तरह के भारत बनाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। जाहिर तौर पर यह हमारी एकता– अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए बहुत घातक है।

ऐसे कठिन समय में शिक्षक समुदाय की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। क्योंकि वह ही अपने विद्यार्थियों में मूल्य व संस्कृति प्रवाहित करता है। आज नई पीढ़ी में जो भ्रमित जानकारी या कच्चापन दिखता है, उसका कारण शिक्षक ही हैं। क्योंकि अपने सीमित ज्ञान, कमजोर समझ और पक्षपातपूर्ण विचारों के कारण वे बच्चों में सही समझ विकसित नहीं कर पाते। इसके कारण गुरु के प्रति सम्मान भी घट रहा है। आम आदमी जिस तरह शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहा है और अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के आगे आ रहा है, वे आकांक्षांए विराट हैं। उनको नजरंदाज करके हम देश का भविष्य नहीं गढ़ सकते। सबसे बड़ा संकट आज यह है कि गुरु–शिष्य के संबंध आज बाजार के मानकों पर तौले जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य जिन हाथों में है, उनका बाजार तंत्र किस तरह शोषण कर रहा है इसे समझना जरूरी है। इसके चलते योग्य लोग शिक्षा के क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि जीवन को ठीक से जीने के लिए यह व्यवसाय उचित नहीं है।

शहरों में पढ़ रही नई पीढ़ी की समझ और सूचना का संसार बहुत व्यापक है। उसके पास ज्ञान और सूचना के अनेक साधन हैं जिसने परंपरागत शिक्षकों और उनके शिक्षण के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। नई पीढ़ी बहुत जल्दी और ज्यादा पाने की होड़ में है। उसके सामने एक अध्यापक की भूमिका बहुत सीमित हो गयी है। नए जमाने ने श्रद्धाभाव भी कम किया है। उसके अनेक नकारात्मक प्रसंग हमें दिखाई और सुनाई देते हैं। गुरु–शिष्य रिश्तों में मर्यादाएं टूट रही हैं, वर्जनाएं टूट रही हैं, अनुशासन भी भंग होता दिखता है। नए जमाने के शिक्षक भी विद्यार्थियों में अपनी लोकप्रियता के लिए कुछ ऐसे काम कर बैठते हैं जो उन्हें लांछित ही करते हैं। सीखने की प्रक्रिया का मर्यादित होना भी जरूरी है। परिसरों में संवाद, बहसें और विषयों पर विमर्श की धारा लगभग सूख रही है। परीक्षा को पास करना और एक नौकरी पाना इस दौर की सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गयी है। ऐसे में शिक्षकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस पीढ़ी की आकांक्षाओं की पूर्ति करने की है। साथ ही उनमें विषयों की गंभीर समझ पैदा करना भी जरूरी है। शिक्षा के साथ कौशल और मूल्यबोध का समावेश न हो तो वह व्यर्थ हो जाती है। इसलिए स्किल के साथ मूल्यों की शिक्षा बहुत जरूरी है। कारपोरेट के लिए पुरजे और रोबोट तैयार करने के बजाए अगर हम उन्हें मनुष्यता,ईमानदारी और प्रामणिकता की शिक्षा दे पाएं और स्वयं भी खुद को एक रोलमाडल के प्रस्तुत कर पाएं तो यह बड़ी बात होगी। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में सामने आते है। वह उसका रोल माडल भी हो सकते हैं।

आज के समय में युवा और छात्र समुदाय एक गहरे संघर्ष में है। उसके जीवन की चुनौतियां काफी कठिन है। बढ़ती स्पर्धा, निजी क्षेत्रों की कार्यस्थितियां, सामाजिक तनाव और कठिन होती पढ़ाई युवाओं के लिए एक नहीं कई चुनौतियां है। कई तरह की प्राथमिक शिक्षा से गुजर कर आया युवा उच्चशिक्षा में भी भेदभाव का शिकार होता है। भाषा के चलते दूरियां और उपेक्षा है तो स्थानों का भेद भी है। अंग्रेजी के चलते हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के छात्रों की हीनभावना तो चुनौती है ही। आज के युवा के पास तमाम चमकती हुयी चीजें भी हैं, जो जाहिर है सबकी सब सोना नहीं हैं। उसके संकट हमारे–आपसे बड़े और गहरे हैं। उसके पास ठहरकर सोचने का अवकाश और एकांत भी अनुपस्थित है। मोबाइल और मीडिया के हाहाकारी समय ने उसके स्वतंत्र चिंतन की दुनिया भी छीन ली है। वह सूचनाओं से आक्रांत तो है पर काम की सूचनाएं उससे कोसों दूर हैं। ऐसे कठिन समय में वह एक बेरहम समय से मुकाबला कर रहा है। बताइए उसे इन सवालों के हल कौन बताएगा ? जाहिर तौर पर शिक्षा के क्षेत्र को बचाने की जिम्मेदारी आज शिक्षक समुदाय पर है। शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता हैं और इसलिए आज की चुनौतियों से लड़ने तथा अपने विद्यार्थियों को तैयार करने की जिम्मेदारी हमारी ही है। शिक्षक दिवस पर यह संकल्प अध्यापकों व विद्यार्थियों को ही लेना होगा तभी शिक्षा का क्षेत्र नाहक तनावों से बच सकेगा।

गुरु–शिष्य परंपरा को समारोहों में याद की जाने वाली वस्तु के बजाए अगर हम उसकी सही तस्वीरें गढ़ सकें तो यह बड़ी बात होगी। किंतु देखा यह जा रहा है गुरु तो गुरूघंटाल बन रहे हैं और छात्र तोल–मोल करने वाले माहिर चालबाज। काम निकालने के लिए रिश्तों का इस्तेमाल करने से लेकर रिश्तों को कलंकित करने की कथाएं भी हमारे सामने हैं, जो शर्मसार भी करती हैं और चेतावनी भी देती है। नए समय में गुरु का मान–स्थान बचाए और बनाए रखा जा सकता है, बशर्ते हम विद्यार्थियों के प्रति एक ईमानदार सोच रखें, मानवीय व संवेदनशील व्यवहार रखें, उन्हें पढ़ने के बजाए समझने की दिशा में प्रेरित करें, उनके मानवीय गुणों को ज्यादा प्रोत्साहित करें। भारत निश्चय ही एक नई करवट ले रहा है, जहां हमारे नौजवान बहुत आशावादी होकर अपने शिक्षकों की तरफ निहार रहे हैं, उन्हें सही दिशा मिले तो आसमान में रंग भर सकते हैं। हमारे युवा भारत में इस समय दरअसल शिक्षकों का विवेक, रचनाशीलता और कल्पनाशीलता भी कसौटी पर है। क्योंकि देश को बनाने की इस परीक्षा में हमारे छात्र अगर फेल हो रहे हैं तो शिक्षक पास कैसे हो सकते हैं ?

## घर में निकले विशालकाय विषधर सांप को देखकर भागे लोग, परिजनों में दहशत (कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम मुंडेरवा का मामला)

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। क्षेत्र में विगत कई दिनों से निरंतर हुई बारिश व गाँव मे आयी बाढ़ की वजह से विषैले जीव–जन्तु अपना स्थान छोड़कर गांव की तरफ भागकर घरों को ठिकाना बना रहे हैं जो ग्रामीणों के लिये मुसीबत का सबब बनते दिखाई पड़ रहे हैं। मालूम हो कि सरयू नदी में आई बाढ़ के कारण क्षेत्र के ग्राम मुंडेरवा (बुधेराज पुरवा) के आसपास बाढ़ का पानी पहुँच गया जिसके चलते एक विशालकाय विषैला सांप गाँव के संजय सिंह के घर मे घुस गया। जिसको देखकर लोग भयभीत होकर वहाँ से भागने लगे तथा घर के लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। वहीं विषधर सांप घर के एक कमरे में जाकर छिप गया जिसको ढूढ़ने में परिजन काफी देर तक हैरान परेशान रहे। समय करीब साढ़े दस बजे विषैला सर्प कमरे में दिखाई पड़ा लेकिन वह इतना भीमकाय व विषधर लग रहा था कि उसे देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जायेंगे। उसे देखकर गाँव का हर व्यक्ति दहशतजदा था। काफी प्रयास के बाद भी ग्रामीण उसे कमरे से बाहर निकालने में कामयाब नहीं हो सके। समाचार लिखे जाने तक विषैला सर्प कमरे में ही बैठा रहा रात्रि होने के कारण लोगों की कोई तरकीब काम नही आई तथा परिजन काफी परेशान व भयभीत हैं। गांव में विषैले सांप के निकलने की सूचना पाकर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह भी मौके पर पहुंचे।



## बल्ब जले नही और बिल चालू

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई। जालौन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मवई ब्राह्मण में लगभग एक सैकड़ा लोगो के सौभाग्य ज्योति योजना के तहत विधुत संयोजन किये गए थे। लेकिन उनको अभी तक चालू नही किया गया था बल्ब जले नही और विधुत विभाग ने उनको बिल थमा दिए इस पर मवई ब्राह्मण के ग्रामीणों ने आज उप खण्ड कार्यालय पहुचकर नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन उपखंड कार्यालय में उपस्थित अवर अभियंता देवेन्द्र नाथ बाजपेई को सौप ग्रामीण देवी चरण , अखिलेश कुमार , राम हरि , लखन , रंजीत, रामदेई, शिवराम, अरुण कुमार , आदि ने बताया कि हम लोगो के विधुत कनेक्सन करीब एक साल पहले सौभाग्य योजना के तहत किये गए थे। सभी के घरों में कनेक्सन कर मीटर भी लगा दिए गए लेकिन उन्हें खम्बो से सप्लाई नही दी गई और बल्ब एक भी दिन नही जले और बिल भेज दिया गया जब हम लोगो ने विधुत का उपयोग ही नही किया तो बिल किस बात दे उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियो को अवगत कराया है कि किये गए कनेक्शनों को खम्भो से सप्लाई बहाल की जाए और आये हुए बिलो का समायोजन किया जाए इस पर अवर अभियंता देवेन्द्र नाथ का कहना है कि इसकी जांच करवाकर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।



## बच्चों को अच्छे काम के लिए प्रेरित करना चाहिए, तभी वे बड़े होकर अच्छे इंसान बन सकते हैं।

गोंडा। बच्चों को हमेशा अच्छे काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तभी वे बड़े होकर अच्छे इंसान बनते हैं। संस्कारों से संबंधित एक लोक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में भिक्षा मांग रहे थे। इस दौरान वे एक घर के बाहर पहुंचे। उन्होंने भिक्षा के लिए आवाज लगाई तो अंदर से एक छोटी बच्ची बाहर आई। बच्ची ने संत से कहा कि हमारे पास आपको देने को कुछ नहीं है।

संत ने कहा कि बेटी, मना मत कर, कुछ नहीं है तो अपने आंगन की थोड़ी सी मिट्टी ही दान में दे दो। छोटी बच्ची ने तुरंत ही आंगन से एक मुट्ठी मिट्टी उठाई और भिक्षा पात्र में डाल दी। संत ने बच्ची को आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ गए। कुछ दूर चलने के बाद शिष्य ने संत से पूछा कि गुरुजी आपने भिक्षा में मिट्टी क्यों ली? ये तो हमारे किसी काम की नहीं है। संत ने शिष्य को समझाया कि आज वह कन्या छोटी है और अगर वह अभी से मना करना सीख जाएगी तो बड़ी होकर भी किसी को दान नहीं देगी। आज उसने दान में थोड़ी सी मिट्टी दी है, इससे उसके मन में दान देने की भावना जागेगी। भविष्य में जब वह बड़ी होकर सामर्थ्यवान बनेगी तो फल–फूल और धन भी दान में देगी। इस कथा का संदेश यही है कि बच्चों अच्छे काम करना सिखाना चाहिए, उन्हें अच्छे संस्कार देना चाहिए। बचपन से उन्हें अच्छे कामों के लिए प्रेरित करेंगे तो वे बड़े होकर अच्छे इंसान बनेंगे और बुराइयों से बचे रहेंगे।



## राष्ट्रीय क्षत्रिय महापरिषद का प्रथम स्थापना दिवस समारोह आयोजित

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। राष्ट्रीय क्षत्रिय महापरिषद का प्रथम स्थापना दिवस समारोह कोठी स्तिथ महाराणा प्रताप प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि गोविंद राठी, तेरासा नेता व निर्देशक, महेश बैंक, सम्मानीय अतिथि नरेन्द्र सिंह बिसेन, चेयरमैन, क्षत्रिय राजपूत ट्रस्ट बोर्ड व निर्देशक महाराणा प्रताप बैंक, विशेष अतिथि डॉ. गुप्ता ने इस समारोह में उपस्थित रहे और ठाकुर रामेश्वर सिंह बैस, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष ने समारोह की अध्यक्षता की।

सर्वप्रथम महाराणा प्रताप की प्रतिमा को पंचामृत से अभिषेक कर तिलक लगाकर पुष्पमाला अर्पित कर पुजा अर्चना की गई। सभी उपस्थित गौरव अतिथियों का सम्मान ठाकुर शैलेंदर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, ठाकुर गणेश सिंह, अध्यक्ष, ग्रेटर हैदराबाद, रंजीत सिंह, संरक्षक, मनोज देवी सिंह, मंत्री, विजय दिनेश सिंह, संघठन मंत्री द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों ने अपने – अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी ने महापरिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमो की भूरी – भूरी प्रशंसा की और महापरिषद के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष में सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष ने अपने संबोधन में महापरिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमो की जानकारी विस्तार से दी और महापरिषद की केन्द्रीय कार्यकारिणी, देश के 25 प्रदेशों व तीन केंद्र शासित प्रदेशों के समस्त परिवार एवं पदाधिकारियों को ऐतिहासिक भाग्यनगर हैदराबाद के मंच से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर माधवी ठाकुर, प्रदेश प्रचार मंत्री, महिला विंग, रंजीत सिंह, रघुनंदन सिंह, सतीश सिंह, गोपाल सिंह, सुमित राठी, शैलेंदर सिंह, मनोज सिंह, गणेश सिंह, दिनेश सिंह, बजरंग सिंह, विश्वजीत सिंह राजपूत, दिलीप सिंह इत्यादि उपस्थित थे । ठाकुर गणेश सिंह, अध्यक्ष, ग्रेटर हैदराबाद ने सभी उपस्थित सम्माननीय अतिथियों, पदाधिकारियों, सदस्यो और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



## अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक ब्यक्ति गिरफ्तार

**पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर भेजा न्यायालय**

अवध की आवाज ब्यूरो

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध तथा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोती गंज पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा तथा एक जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।। मोती गंज थानाध्यक्ष ब्रह्मा नंद सिंह ने बताया की स्वयं के नेतृत्व में कहोबा चौकी प्रभारी भोला शंकर हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार सिंह के साथ क्षेत्र की स्थिति आरजकतत्वो पर नकेल कसने तथा शांति ब्यवस्था बनाए रखने के लिए भ्रमण करते हुए छाछपारा गांव की तरफ जा रहा था कि छाछपारा मोड़ के पास एक युवक खड़ा था पुलिस की गाड़ी देख कर भागने लगा जिसे घेरकर पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जामाध तलाशी लेने पर पकड़े गए ब्यक्ति के पास से एक अदद देशी तमंचा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ उन्होंने बताया कि संभवतः किसी घटना को अंजाम देने के लिए निकला था पूछने पर उसने अपना नाम हनुमान पुत्र छोटकउ धनिवासी गांव सहिया पुर मौजा सरायजरगर थाना कोतवाली देहात गोण्डा बताया थाने लाकर पकड़े गए ब्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनीयम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।




## जनपद सीतापुर का अध्यक्ष/प्रचारक के पद पर मनोनीत किया गया

अवध की आवाज

सीतापुर। सूचना अधिकार आजाद मिशन एसोसियन को सुदृढ एवं गतिशील बनाने के लिए सत्य पाल सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ग्राम खजुरिया पोस्ट भंडिया सिधौली–सीतापुर उत्तर प्रदेश को लखनऊ मंडल मे जनपद सीतापुर का अध्यक्ष/प्रचारक के पद पर मनोनीत किया जाता है। सत्यपाल सिंह जी से अपेक्षा की जाती है कि राष्ट्रीय सूचना अधिकार आजाद मिशन एसोसियन की रीतियो–नितियो कर्तव्यो ,उद्देश्यो नियम कानून एवं कार्यक्रमो का भारत देश के लखनऊ मंडल के जनपद सीतापुर के प्रत्येक तहसील एवं विकास खंड मे अपने स्तर पर



प्रचार प्रसार कर सदस्यता अभियान चलाकर आर टी आई कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता को अधिक से अधिक सदस्य बनायेंगे।

## बीते 29 अगस्त को सीतापुर से प्रारंभ किसान नौजवान पटेल यात्रा 49 जिलों से होते हुए 31 अक्टूबर को प्रयागराज में सरदार बल्लभ पटेल के जयंती पर होगी समाप्त।

अवध की आवाज ब्यूरा

गोंडा। इस प्रकार से क्षण–19 को मद्देनजर रखते हुए रास्ते में जगह–जगह पर लोगों ने किया स्वागत क्योंकि इतनी महंगाई को लेकर के सभी पक्ष के लोग वर्तमान सरकार से बहुत ही है नाराज हर एक को नए–नए तरीके इस्तेमाल करके किस तरह से इस सरकार को प्राप्त किया जाए लोग अपने तरीके से हथकंडे अपना रहे सपा सरकार में इस प्रकार से इतनी महंगाई नहीं थी। बताते चलें कि मुख्यालय स्थित सरदार पटेल संस्थान में पहुँचने पर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत पटेल समुदाय द्वारा किया गया। वही संस्थान के पदाधिकारियों ने माल्यर्पण किया।मुख्य ट्रस्टी ने सरदार पटेल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य ट्रस्टी को सपा की टोपी पहना कर प्रारम्भिक सदस्यता ग्रहण कराया। सपा सरकार में जिस प्राइमरी स्कूल की मान्यता 30000 में होती थी वही आज बीजेपी शासन में 300000 में हो रहे केवल महंगाई को बढ़ावा दिया जा रहा है व्यवसाय को नहीं आम आदमी अपना जीवन कैसे ज्ञापन करेगा। जबकि अखिल भारतीय कुर्मी महासभा व सरदार पटेल संस्थान द्वारा संस्थान के साथ 4 लाख पटेलों की सदस्यता लेने की जानकारी देने के साथ श्रीमती कमलेश निरंजन को सपा का मेहनौन विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने सम्बंधित एक ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष को दिया गया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कांग्रेस और भाजपा के नीतियों और किसान,मजदूर,छात्रों,अध्यापकों,पिछड़ों की उपेक्षा करने की बात कही,पटेल ने कहा अब हम सभी एक जुट होकर अबकी बार सपा की सरकार बनाने की हर कोशिश को अख्तियार करना है। सभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश कटियार,पूर्व मंत्री व मुख्य सचेतक नरेंद्र कुमार वर्मा,प्रोफेसर सचान,जिलाध्यक्ष पप्पू यादव,पूर्व विधायक रमेश गौतम सहित अन्य लोगो ने सम्बोधित किया।

इससे पूर्व मुख्यालय स्थित मेरी गोल्ड लान में सदर से प्रत्यासी के संयोजन में पूर्व मंत्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह को श्री पटेल द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी और एक जनसभा का आयोजन किया गया।इस दौरान सूरज सिंह ने सरदार पटेल संस्थान में सरदार पटेल की भव्य मूर्ति लगाने की घोषणा की। इस सभा को पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह तथा अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया।





## सहायक विकास अधिकारी द्वारा बिना निरीक्षण किए लगाई गई आख्या

**ब्लॉक अधिकारियो पर खबर प्रकाशित होने पर भी कोई असर नही**

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली–सीतापुर। विकास खंड सिधौली अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया मे सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य अधूरा पडा है। भुगतान हो गए कार्य पूरा नही हुआ। बस बाहर से रंगाई पुताई करा कर पैसा निकाल लिए है। जबकि सामुदायिक शौचालय टाइल्स व वाटर सप्लाई का भुगतान दिसम्बर माह मे किया जा चुका है। ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार द्वारा सामुदायिक शौचालय रखरखाव हेतु जय दुर्गा स्वयं सहायता समूह 14/08/2021 को भुगतान कर दिया है। शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण नही तो रखरखाव किसका और कैसे। ग्राम पंचायत सदस्य सत्य पाल सिंह ने जन सुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई गई। जिसकी शिकायत संख्या 400 1542 1045 974 है। जिसकी जांच रिपोर्ट आख्या मे जांच अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सिधौली– सीतापुर के द्वारा बिना निरीक्षण किए जांच रिपोर्ट 26/8/2021 को सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्वयं सहायता समूह हैण्ड ओवर और भुगतान कियागयाहै। विकास खंड सिधौली के अधिकारी द्वारा शिकायत के निस्तारण के संबंध मे शिकायत कर्ता से कोई संपर्क व बयान नही लिए जाते है। नियमानुसार शिकायत निस्तारण करते समय शिकायत कर्ता लिखित बयान लेने चाहिए। अपने कार्यालय पर बैठकर शिकायत निस्तारण कर दिया जाता। आज दिनांक 28/08/2021 को पंचायत सचिव ब्रजेश गौतम के द्वारा आज कार्य को आनन फानन मे लीपा पोती करने मे जुटे रहे है। लगातार चार दिन तक शौचालय कार्य चलता रहा और कोई ब्लॉक स्तर अधिकारी मौके पर जांच करने नही गया। यहा तक ब्लॉक अधिकारीगण फोन नही रिसीव करते है। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि सबंधित पंचायत सचिव पर ब्लॉक अधिकारीगणों के संरक्षण के कारण पंचायत सचिव पर कोई कार्रवाई नही हुई। जबकि वाट्सप और ट्विटर के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय सीतापुर व जिला पंचायत राज अधिकारी सीतापुर को दी गई थी। आज तक ना ही कोई जांच हुई व संबंधित सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई नही

# विधायक ने ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर की दी सौगात

## ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर का उद्धघाटन करते विधायक श्याम प्रकाश

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी/हरदोई। विधायक श्याम प्रकाश ने पिहानी, गोपामऊ व हरियावां सीएचसी ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर की सौगात देकर आज फीता काटकर उद्धघाटन किया।इस आक्सीजन की कमी किसी को ना हो यह प्रयास है। स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर हो सरकार इस ओर सजग है मेरा प्रयास रहेगा मेरी विधानसभा के सभी अस्पतालों में आक्सीजन की कमी ना रहे संभावित



दौरान विधायक ने कहा कि अब हमारे क्षेत्र के लोगों को ऑक्सीजन के लिए दर दर नही भटकना पड़ेगा। विधायक ने अपनी निधि से 15 लाख की लागत से ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर तीनों गोपामऊ पिहानी हरियावा अस्पताल को उपलब्ध कराए। विधायक ने कहा कि कोरोना काल मे बहुत से लोगों में ऑक्सीजन को लेकर अफरातफरी का माहौल रहा,पिछले दौर तीसरी लहर को लेकर स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह मुस्तैद है सरकार उचित प्रबंध कर रही है इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपाई, प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा,विपिन मिश्रा,रुचि बाजपेई,अधीक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव डॉ मनोज आजाद,एडिशनल सीएमओ एके पंकज, हरियावा अधीक्षक अखिलेश वाजपेई, धीरज गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या कर शव दफनाने वाले पति व चाचा गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना मांखी, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन पुलिस हुई सक्रिय अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मांखी पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या कर शव को दफनाने वाले पति अनिल पुत्र पुत्तन यादव उम्र करीब 38 वर्ष नि0गण ग्राम थानागाँव थाना माखी जनपद उन्नाव व उसके चाचा रामरतन पुत्र हनुमान उम्र करीब 52 वर्ष नि0गण ग्राम थानागॉव थाना माखी जनपद उन्नाव को मृतका की साड़ी, पेटीकोट , सिर का कंकाल एवं काले रंग की एटलस साईकिल ,जो शव को ले जाने के लिए प्रयुक्त की गयी थी तथा फावड़ा जिससे मृतका की कुशल अगवाई में उ0नि0 श्री स्वदेश कुमार मय हमराह फोर्स के द्वारा साक्ष्य संकलन करते हुए दिनांक 03.09.2021 को अभि0गण 1. अनिल पुत्र पुत्तन यादव उम्र करीब 38 वर्ष 2. रामरतन पुत्र हनुमान उम्र करीब 52 वर्ष नि0गण ग्राम थानागांव थाना मांखी जनपद उन्नाव को समय करीब 16.10 बजे दोस्तीनगर नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करने पर अभि0गण द्वारा अपने किये गये अपराध को स्वीकार करते हुए बताया गया कि मुकदमा उपरोक्त की अपहृता लक्ष्मी की दिनांक 30.01.2021 को हत्या करके शव को एक साईकिल से बोरी में ले जाकर रामरतन के खेत मे दफन कर दिया था । जब मुकदमा पंजीकृ




के शव को गाड़ा गया था, बरामद कर गिरफ्तार किया गयावादिनी श्रीमती सरोज पत्नी सर्वेन्द्र निवासी ग्राम कुशलीखेड़ा मजरा भौली थाना अजगैन जनपद उन्नाव द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रा0पत्र दिया गया था कि मेरी पुत्री लक्ष्मी की शादी अनिल पुत्र पुत्तन यादव के साथ हुए 01 वर्ष हो गया है । पिछले 06 महीने से मेरा दामाद अनिल व उसका परिवार मेरी पुत्री से न तो मिलने देता है न ही बात करने देता है । जिसपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जांच के आदेश दिये गये थे । जाँच उपरान्त दिनांक 21.06. 2021 को मु0अ0सं0 196/21 धारा 364 भादवि बनाम अनिल आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री स्वदेश कुमार को सुपुर्द की गयी थी । प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश सिंह त हो गया तो पकड़े जाने के डर से शव,जो कि कंकाल में बदल चुका था,को निकालकर खेत के पास में पानी से भरी तलहटी में फेंक दिया था। अभि0गण की निशानदेही पर मृतका लक्ष्मी के कंकाल खोपड़ी व हत्या के समय पहने हुए कपडों को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है । मौके पर वादिनी श्रीमती सरोज पत्नी सर्वेन्द्र व सर्वेन्द्र पुत्र रामाश्रय नि0गण ग्राम कुशलीखेड़ा मजरा भौली थाना अजगैन उन्नाव द्वारा बरामदशुदा कपड़े को पहचाना गया कि यह मेरी बेटी लक्ष्मी के कपड़े हैं । मौके पर फील्ड यूनिट टीम , फायर सर्विस गोताखोर टीम , डॉग स्कवायड द्वारा निरीक्षण किया गया तथा नायब तहसीलदार सदर आकांक्षा दीक्षित द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही की गयी।




उन्नाव। विकासखंड हसनगंज, ग्राम मौला बाकीपुर में चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण कराते हुए जनपदीय नोडल अधिकारी महोदय/अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, श्री एम० वी० एस० रामी रेड्डी जी व जिलाधिकारी महोदय रविंद्र कुमार।

# कानपुर नगर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान मे जय भारत महासम्पर्क अभियान पैदल मार्च

अवध की आवाज

कानपुर नगर। कानपुर नगर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान मे सम्मानित जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय जी के नेतृत्व मे कल्याणपुर विधान सभा के अन्तर्गत वार्ड नवाबगंज, विष्णुपुरी, पुराना कानपुर मे जय भारत महासम्पर्क अभियान पैदल मार्च निकाला गया। कल्पना टावर विष्णुपुरी स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कम्पनी बाग स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण व सभा की गइ। जनसम्पर्क अभियान पैदल मार्च नवाब गंज बाजार, पुराना कानपुर, विष्णुपुरी, कम्पनी बाग, चौराहे पर समापन हुई। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल शुक्ला बेबी,पार्षद, राजीव द्विवेदीजी, नरेश चन्द्र त्रिपाठी जी, ममता तिवारी जी डा० प्रभात मिश्रा जी आनन्द प्रकाश



वर्मा जी राजेश राजपूत, रमा दुबेजी, घनश्याम गुप्ता , निहाल अहमद जी, सुनील शुक्ला जी,शोएब अशरफ, अजय सिंह, सुनील बाल्मीकि ,दिनेश त्रिवेदी जी,उबैदुल रहमान जी, तुफैल अहमद, नरेंद्र चंचल, सूरज शर्मा , प्रमेन्द्र कुशवाहा लकी चन्द्रमौली बाजपेई जी,सुशील श्रीवास्तव जी, देवानंद तिवारी जी, मदीना बेगम जी,राजू शाह जी अजीजुल रहमान जी,राम कुमार निषाद जी,नरेश शुक्ला, वीरेंद्र कटियार जी, रोचक, राजेन्द्र बाल्मीकि,अमित अग्निहोत्री जी,सतीश मसीह जी,अनिल सिंह जी,बलवान पटेल जी,सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।


# आईपीएस बनकर करोड़ो के आभूषण ठगने वाला बदमाश लखनऊ से गिरफ्तार

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और महानगर पुलिस ने आईपीएस अधिकारी बनकर यहां एक ज्वेलर्स से करोड़ों रूपये के स्वर्ण आभूषणों की ठगी करने वाले जालसाज को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से करीब तीन करोड़ रुपये के सोने के आभूषण बरामद किए गये हैं। एसटीएफ प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को एसटीएफ को महाराष्ट्र कैडर का आईपीएस अधिकारी बनकर मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स से आभूषणों की ठगी की थी। इस सिलसिले में महानगर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले का खुलासा करने के लिए एसटीएफ को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना संकलन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि महाराष्ट्र कैडर का आईपीएस अधिकारी बनकर लखनऊ के महानगर इलाके में स्थित मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स से करोड़ों रुपये के सोने के आभूषणों की ठगी करने वाला व्यक्ति मुम्बई भागने के प्रयास में है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक शिवनेत्र सिंह के नेतृत्व में महानगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह मय हमराही पुलिस बल की संयुक्त टीम ने बताये गये स्थान पहुॅचकर वांछित ठग अलीगंज निवासी राजीव सिंह को शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार ठक के कब्जे से 96 सोने के आभूषण जिन का कुल वजन 5.743 किलोग्राम है,बरमाद किए। बरमाद आभूषणों की कीमत करीब 03 करोड़ रूपये है। इसके अलावा ढाई हजार रुपये, दो मोबाइल, एक पहचान पत्र (डीसीपी क्राइम ब्रान्च मुम्बई महाराष्ट्र) बरामद किया। गिरफ्तार बदमाश ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष 2003 में इसकी माता अपने सहेली के साथ मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स अमीनाबाद, लखनऊ पर स्वर्ण आभूषण खरीदने जाया करती थीं, धीरे–धीरे इन लोगों का आपस में अच्छे सम्बन्ध हो गये। उसके बाद वर्ष 2005 में यह भी मोहन उस ज्वेलर्स की दुकान पर आने जाने लगा। उसके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत थे तथा सीतापुर से वर्ष 2014 में रिटायर हुए हैं, कुछ समय बाद यह अपने आप को महाराष्ट्र कैडर का आईपीएस अधिकारी बताने लगा। जिनके कारण मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स गोल मार्केट, महानगर लखनऊ के मालिक नितेश रस्तोगी से इसके भी प्रगाढ़ सम्बन्ध हो गये। उन्होंने बताया कि इसी कारण इसके द्वारा वर्ष 2020 के माह जुलाई में 67 लाख एवं माह दिसम्बर में 1.95 करोड़ के स्वर्ण आभूष खरीदे गये। जिसके एवज में ज्वेलर्स गोल मार्केट महानगर को दिसम्बर 2020 में सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया के 07 अलग–अलग धनराशियों के पोस्ट डेटेड चेक (3 करोड़ 17 लाख रूपये के) दिये,लेकिन ज्वेलर्स को कोई न कोई बहाना बताकर बैंक में भुगतान के लिए चेक लगाने के लिए मना करता रहा,जिसके कारण सभी चेक टाईम बार्ड हो गयी ज्वेलर्स द्वारा कई बार फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो इसके द्वारा कोई न कोई बहाना बना दिया जाता था तथा इसके द्वारा अपने को आईपीएस अधिकारी होने का रौब दिखाते हुए ज्वेलरी वापस करने एवं पैसा देने से मना कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि उसके बाद इस ठग के खिलाफ लखनऊ के थाना महानगर में मुकदमा दर्ज कराया गया गया था और तभी से फरार चल रहा था। उन्हेंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को महानगर थाने में दाखिल करा दिया,आगे की विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

# डीएम ने आदेश दिया 15 सितम्बर तक बन्द रहेंगे सभी आंगनबाड़ी केन्द्र,

अवध की आवाज ब्यूरो

गोण्डा। शासन के निर्देशों को मध्य नजर रखते हुए डीएम मार्कण्डेय शाही ने कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केन्द्रों को आगामी 15 सितम्बर तक बन्द किये जाने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी शाही ने बताया कि प्रदेश में कोविड संक्रमण को देखते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि 15 सितंबर तक आंगनवाड़ी केंद्र रहेगा बंद ऐसा आदेश इसलिए जिला प्रशासन ने दिया क्योंकि कोविड–19 को मध्य नजर रखते हुए इस प्रकार का कदम उठाना पड़ा। छोटे बच्चों (03–06वर्ष) को सुरक्षित रखने हेतु पूर्व में आंगनबाड़ी केन्द्रों को बन्द करने के निर्देश निर्गत किये गये थे। कोविड संक्रमण की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत् आंगनबाड़ी केन्द्र पुनः 15 सितम्बर तक बन्द रखे जायेगें।उन्होंने निर्देश दिए हैं कि स्वयं सहायता समूह या नेफेड (शहरी क्षेत्रों में) के माध्यम से अनुपूरक पोषाहार की आपूर्ति किये जाने की स्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र खोलकर अनुपूरक पोषाहार को प्राप्त



किया जायेगा और कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विभाग के लाभार्थियों तक टेक होम राशन का डोर–टू–डोर वितरण किया जायेगा। बताते चलें कि आंगनवाड़ी केंद्र बंद होने के दौरान भी उन लोगों को राशन डोर टू डोर वितरित किया जाएगा प्रशासन अपने कर्तव्य के प्रति सख्त है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है कि 15 सितम्बर तक समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को बन्द रखा जाये तथा दिए गए निर्देशों का अनुपालन किया जाए।

# मौसमी बीमारियों से बचने को बरतें खास सतर्कता

## घर व आस–पास मच्छरों को पनपने से रोकें, साफ–सफाई का रखें खास ख्याल

## खानपान से मजबूत बनाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता

लखनऊ। बारिश में मौसमी बीमारियाँ पाँव पसारने लगती हैं। खांसी,जुकाम बुखार और सर्दी का भी प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में इन बीमारियों से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

बलरामपुर जिला अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. देवेन्द्र सिंह बताते हैं – अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन बुखार के 50 से 60 मरीज आ रहे हैं। सामान्य दिनों की अपेक्षा आज कल खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है।

डा. देवेन्द्र सिंह बताते हैं – डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है जो दिन के समय सक्रिय रहता है और घर के भीतर साफ पानी में पनपता है। डेंगू में तेज बुखार के साथ सिर , पीठ और जोड़ों में दर्द होता है। आँखें लाल हो जाती हैं। हथेली और पैर लाल होने लगते हैं। गंभीर स्थिति में नाक और मसूड़ों से खून भी आने लगता है।

डेंगू से बचने के लिए घर व आस–पास पानी न इकठ्ठा होने दें। पूरी बांह के कपड़े पहनें। मच्छररोधी क्रीम लगायें। फ्रिज और गमलों की ट्रे, पुराने टायर, बर्तन और कूलर की नियमित रूप से सफाई करें। कूलर सप्ताह में एक बार साफ कर सुखाएं और उसके बाद ही प्रयोग करें। खिड़की – दरवाजों में जाली का प्रयोग करें। वायरल बुखार मुख्यतः बदलते मौसम के कारण होता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर हम इससे बच सकते हैं। वायरल बुखार के मुख्य लक्षण



हैं– खांसी, जुकाम, गले में दर्द, बुखार, जोड़ों में दर्द, उल्टी तथा दस्त, जबकि मलेरिया में सर्दी और कंपकपी के साथ में बुखार आता है। तेज बुखार और सिर दर्द होता है। बुखार उतरने पर पसीना आता है। कमजोरी महसूस होने के साथ उल्टी आ सकती है।

बुखार होने पर सिर्फ और सिर्फ पैरासिटामोल का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन कोशिश यही रहे कि चिकित्सक की सलाह पर ही किसी दवा का सेवन करें। स्वयं कोई इलाज न करें, किसी प्रशिक्षित चिकित्सक से ही इलाज कराएं। मरीज को पास के स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएँ।

डा. देवेन्द्र सिंह बताते हैं दृ बच्चों को बारिश में न भीगने दें और यह सुनिश्चित करें कि वह गीले कपड़े न पहने। ठंडा पानी, आइसक्रीम या अन्य ठन्डे खाद्य पदार्थ बच्चे को न खाने दें। घर का ताजा व अच्छे से पका हुआ खाना खिलाएं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले फल व सब्जियों का सेवन करें। बाहर के खाने से परहेज करें। इन सबके साथ इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि बेवजह घर से बाहर न निकलें। अगर घर से निकलते हैं तो मास्क अवश्य लगायें। सार्वजनिक स्थानों पर दो गज की दूरी बनाकर रखें। बार–बार चेहरे को न छुएं। हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें , बच्चे को फुल आस्तीन के कपड़े पहनाएं। बच्चे में कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन करना सुनिश्चित कराएं।

# शिक्षकों को अपने हाथों पुरस्कृत किया यह कार्यक्रम भारतीय नागरिक परिषद के बैनर से महामंत्री रीना त्रिपाठी वह भारतीय नागरिक परिषद की टीम द्वारा संपन्न किया गया।

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर प्राथमिक विद्यालय अलीनगर खुर्द में सरोजनी नगर ब्लॉक तथा कई अन्य ब्लॉकों के शिक्षकों को मलिहाबाद की विधायक माननीय जयदेवी कौशल ने शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी से काम करने हेतु और पूरे मनोयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु कुछ चुनिंदा शिक्षकों को अपने हाथों पुरस्कृत किया यह कार्यक्रम भारतीय नागरिक परिषद के बैनर से महामंत्री रीना त्रिपाठी वह भारतीय नागरिक परिषद की टीम द्वारा संपन्न किया गया।

शिक्षक सम्मान सरोजिनी नगर ब्लॉक के कमलापुर स्कूल से अलका रंजन, निशा सिंह, नेहा सिंह, नशीम सेहर, सुचिता त्रिपाठी, सुमन दुबे, अनिल सिंह ,सतीश कुमार, उषा त्रिपाठी ,सरिता देवी ,रीना त्रिपाठी ,माधुरी देवी, पूनम त्रिपाठी, काजल,( प्रेरणा साथी) मोनू साहू (प्रेरणा साथी) इत्यादि को भारतीय नागरिक परिषद की तरफ से मलिहाबाद की विधायक माननीय जयदेवी कौशल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। निश्चित रूप से जिस व्यक्ति ने भी शिक्षक बनने का पैसा चुना है वह अपने आप में एक महान व्यक्तित्व है और हर शिक्षक इस योग्य है कि उसे प्रतिदिन पुरस्कृत किया जाए निश्चित रूप से शिक्षक किसी





पुरस्कार की प्रतीक्षा में नहीं रहता शिक्षक इमानदारी से निष्ठा से और नए–नए नवा चारों से अपने बच्चों को पढ़ाने में लगा रहता है राज्य और केंद्र सरकार समय–समय पर विभिन्न पुरस्कारों से शिक्षकों को पुरस्कृत करती रहती है पर कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो इस भीड़ में कभी नहीं दिखाई देते और चुपचाप अपना काम ईमानदारी से करते रहते हैं ऐसा ही एक छोटा सा प्रयास भारतीय नागरिक परिषद ने शिक्षकों को खोज कर उनकी प्रतिभा हेतु उन्हें सम्मानित कर। शिक्षक सम्मान कि इस प्रक्रिया में प्रेरणा साथी के रूप में नियुक्त उन बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया जिन्होंने निस्वार्थ बिना किसी मानदेय के कोरोना महामारी की अवधि में मोहल्ला क्लास चलाकर बच्चों को पढ़ाया और स्कूल के शिक्षकों द्वारा भेजे गए ऑनलाइन मटेरियल को समझा और बच्चों तक उसे सरल शब्दों में पहुंचाया इस कार्य हेतु प्रेरणा साथियों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है।

शिक्षा के प्रगतिशील यात्रा में भारतीय नागरिक परिषद द्वारा किया गया शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों का सम्मान वाकई शिक्षकों को गौरवान्वित करने और उन्हें और भी ईमानदारी और निष्ठा से काम करने हेतु प्रेरणा देगा तथा सार्थक प्रयास सिद्ध होगा।

# रोडवेज बस ने कार को मारी जोरदार टक्कर एक ही परिवार के एक महिला समेत दो लोगों की मौत चार गंभीर रूप से घायल।

अवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा। जैसा कि सभी जानते हैं कि होली से बढ़कर कुछ भी नहीं है आम आदमी अपने मंजिल की तलाश में मजबूर होकर के कहीं ना कहीं तो जाना ही पड़ता है क्योंकि एक जगह पर स्थिर होकर कुछ भी नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार से बताते चलें कि बीते शुक्रवार जिला बाराबंकी नेशनल हाईवे लखनऊ गोरखपुर मार्ग नया गांव नजदीक बाराबंकी टोल प्लाजा के पास शाम 7:00 बजे की है यह घटना। रोडवेज बस में कार सवार को मारी टक्कर एक ही परिवार के 2 की मौत 4 गंभीर रूप से घायल। घायलों को मेडिकल कॉलेज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां पर इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। इन सभी की पहचान गोंडा जिला के मनकापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हारनाटायर की पुष्टि हुई है। इस दुर्घटना में नीलम जायसवाल नटवर जयसवाल की पुत्र वधू आयु लगभग 25 वर्ष विकास आयु लगभग 22 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई सभी लोग शुक्रवार को कार मे सवार होकर गोंडा से लखनऊ जा रहे थे। जाते समय वही परिवार वालों को सूचना मिलने के बाद से सभी लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।



# प्रधान प्रतिनिधि ने युवक को पीटा इलाज के दौरान मौत

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। ब्रेकिंग पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा लगातार अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करते दिखाई दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कुछ ऐसे अपराधी हैं जो लगातार बेखौफ होकर अपराध करने में पूरी तरीके से सफल हैं थाना परसपुर अंतर्गत वाली शिवकुमार मिश्रा पुत्र राजाराम मिश्रा अपने बेटे को लेकर स्कूल छोड़ने जा रहे थे तभी ग्राम प्रधान अपने कुछ गुर्गों के साथ घात लगाए बैठे थे और शिव कुमार को मारने पीटने लगे जिससे शिवकुमार घायल हो गया वहीं जब इसकी सूचना परिजनों को लगी तो परिजनों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शिवकुमार को परसपुर थाने ले गए जहां पर पुलिस ने मामला को दर्ज करते हुए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर भेज दिया वहीं



स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने हालत को गंभीरतापूर्वक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां पर उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं मृतक के पिता राजाराम मिश्रा ने बताया कि हमारा बेटा अपने बच्चों को छोड़ने के लिए स्कूल जा रहा था कि पहले से घात लगाए बैठे ,प्रदीप सिंह ,अजय प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, सत्यनारायण सिंह ,दीनानाथ पाठक आदि लोगों ने मारा पीटा जिससे काफी चोटें आई और इलाज के दौरान उसकी मौत भी हो गई।

# सर्वेक्षण में गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। एबीपी–सीवोटर–आईएएनएस बैटल फॉर द स्टेट्स के अनुमानों के अनुसार, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में सत्तारूढ़ भाजपा अगले साल तीन राज्यों में चुनाव होने पर आराम से सत्ता बरकरार रखेगी। सर्वे के मुताबिक, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में बीजेपी को 22 से 26 सीटें, कांग्रेस को 3 से 7 सीटें, जबकि आप को 4 से 8 सीटें मिलने की संभावना है। बीजेपी के 39.4 फीसदी वोट शेयर के साथ चुनाव जीतने की संभावना है। इसके बाद आप को 22.2 फीसदी और कांग्रेस को 15.4 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। 70 सदस्यीय उत्तराखंड विधानसभा में, सर्वेक्षण में भाजपा को 48 सीटें, कांग्रेस को 23, जबकि आप को 4 सीटें जीतने का अनुमान है। दोनों राष्ट्रीय दलों के वोट शेयर में गिरावट की संभावना है। केवल आप को वोट प्रतिशत में लाभ होने की संभावना है। कांग्रेस को 32.6 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। 2017 की तुलना में 1 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा सकती है। बीजेपी को 43.1 फीसदी, 3.4 फीसदी की गिरावट, जबकि आप को वोट शेयर में 14 फीसदी का फायदा होगा। 60 सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में भाजपा को 36, कांग्रेस को 22, एनपीएफ को 6 और अन्य को 4 सीटें मिलने की संभावना है। वोट शेयर के मामले में, बीजेपी को 40.5 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। 2017 की तुलना में 4.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है, जबकि कांग्रेस के वोट शेयर में मामूली गिरावट के साथ वोट शेयर 34.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।

# जयपुर का हवा महल और आमेर का किला भी बेचेगी सरकार

जयपुर, (वेब वार्ता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने केंद्र सरकार पर मुद्रीकरण योजना के नाम पर देश को बेचने का आरोप लगाया है और कहा है कि अगर भाजपा सरकार को नहीं रोका गया तो वह जल्द ही जयपुर का हवा महल और आमेर का किला भी बेच देगी। शुक्ला ने शुक्रवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, वे देश की विरासत को बेच देंगे। केंद्र सरकार की योजना लाल किले को कोलकाता की एक कंपनी को सौंपने की थी। हालांकि, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने उनके आरोपों पर जवाब देते हुए कहा, पिछले 50 वर्षों से, जो लूट और झूठ में लिप्त हैं, कोयला और जीप घोटाले में, कॉमनवेल्थ और बोफोर्स में, 2 जी, नेशनल हेराल्ड और किसानों की जमीन बेचने वाले को यह भी पता होना चाहिए कि न लाल किला बेचा जाएगा और न ही आमेर किला। पीएम नरेंद्र मोदी के शासन में ईमानदारी नहीं बेची जाएगी, जैसा कि कांग्रेस के राज में बेचा जा रहा है। केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए शुक्ला ने



कहा, अगर आप एयरपोर्ट, रेलवे नहीं चला पा रहे हैं तो आप सरकार में क्यों हैं? ऐसे लोगों को सरकार छोड़ देनी चाहिए. केंद्र सरकार देश को बेच रही है। ईंधन की ऊंची कीमतों पर बोलते हुए, उन्होंने कहा, देश के लोग बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। यूपीए के कार्यकाल के दौरान, क्रूड 120 डॉलर प्रति बैरल था, हालांकि, पेट्रोल और डीजल मौजूदा कीमत की तुलना में आधी कीमत पर बेचते थे। आज क्रूड 60 से 70 के बीच है लेकिन केंद्र सरकार यूपीए शासन की तुलना में आधी कीमत पर क्रूड खरीदने के बावजूद पेट्रोल और डीजल को दोगुने दाम पर बेच रही है।


# एनआईए ने आईएस आतंकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया

बेंगलुरू, (वेब वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने यहां एनआईए की विशेष अदालत में अल–हिंद मॉड्यूल मामले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक आतंकवादी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दायर किया है। आरोपी शिहाबुद्दीन के खिलाफ शुक्रवार को आईपीसी की धारा 120बी, आर्म्स एक्ट 1959 की धारा 25(1)(ए) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) एक्ट 1967 की धारा 18, 20, 38 और 39 के तहत चार्जशीट दाखिल किया गया है। इससे पहले महबूब पाशा और 16 अन्य के खिलाफ सद्दुगुंटेपल्या पुलिस स्टेशन, बेंगलुरु में मामला दर्ज किया गया था। आतंकवाद, हिंदू नेताओं की हत्या से संबंधित तमिलनाडु में दर्ज कई मामलों में आरोपी खाजा मोइदीन के सहयोग से बेंगलुरु के गुरप्पनपाल्या निवासी आरोपी महबूब पाशा ने दक्षिण भारत में युवा मुसलमानों की भर्ती करके एक आतंकवादी समूह बनाया। उसने बेंगलुरु को अपने आधार के रूप में चुना था और 2019 से कर्नाटक और तमिलनाडु में कई आपराधिक साजिश की बैठकें आयोजित की थीं। उसने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन, आईएसआईएस की विचारधारा का प्रचार किया और पुलिस अधिकारियों और हिंदू नेताओं की हत्या के लिए हथियार और विस्फोटक इकट्ठा करने की साजिश रची थी। एनआईए ने 23 जनवरी, 2020 को मामला फिर से दर्ज किया और जांच शुरू की। इस जांच से पता चला कि शिहाबुद्दीन बड़ी साजिश का हिस्सा था और खाजा मोइदीन के निर्देशों के अनुसार मुंबई में हथियार और गोला–बारूद अन्य आरोपियों को सौंप दिया था। इन हथियारों का इस्तेमाल तमिलनाडु पुलिस के एसएसआई विल्सन की हत्या में भी किया गया था। आगे की जांच जारी है।




# प्रियंका चोपड़ा ने मंगलसूत्र में कराया फोटोशूट

मुंबई, (वेब वार्ता)। अक्सर सोशल मीडिया पर सिलेब्रिटीज के महंगे सामान, गाड़ियां और घर चर्चा



में रहते हैं। खासतौर पर बॉलिवुड सिलेब्स के कपड़े, जूलरी और एक्सेसरीज देखते ही देखते काफी पॉप्युलर हो जाते हैं। प्रियंका चोपड़ा पॉप्युलर इंटरनैशनल आइकन हैं। ऐसे में वह जो भी पहनती हैं वह स्टाइल स्टेटमेंट बन जाता है। हाल में प्रियंका ने एक जूलरी ब्रैंड को प्रमोट करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका ने एक जूलरी ब्रैंड का खास डिजाइन का मंगलसूत्र पहना हुआ है। दरअसल इटैलियन जूलरी ब्रैंड बुल्गारी ने प्रियंका को अपना ग्लोबल ब्रैंड ऐंबेसडर बनाया है। इसी ब्रैंड का प्रमोशन करते हुए प्रियंका ने एक फोटोशूट कराया है। प्रियंका ने गले में जो मंगलसूत्र पहना है, वह तो आकर्षक लग रहा है मगर उनकी कीमत जानकर लोगों के होश उड़ रहे हैं। 18 कैरट गोल्ड के बने इस मंगलसूत्र में बीच में एक हीरा लगा हुआ है। साथ में इसकी चेन पूरी गोल्ड की है। इस मंगलसूत्र की कीमत चर्चा का विषय बन गई है। इसकी कीमत 3.49 लाख रुपये यानी साढ़े तीन लाख रुपये बताई जा रही है। प्रियंका के इस मंगलसूत्र वाले फोटोशूट पर लोगों के अलग–अलग तरह के रिऐक्शंस आ रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका की अगली बॉलिवुड फिल्म की घोषणा कुछ दिनों पहले ही हुई थी। अब वह फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म 'जी ले जरा' में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ कटरीना कैफ और आलिया भट्ट मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा हॉलिवुड फिल्म 'टेक्सट फॉर यू' और 'मेट्रिक्स 4' के अलावा टीवी सीरीज 'सिटाडेल' में भी नजर आएंगी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें तीसरे दिन स्थिर

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में सप्ताहांत पर गिरावट आने के बावजूद आज दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं किया गया। बुधवार को इन दोनों की कीमतों में सात दिनों के बाद 15–15 पैसे प्रति लीटर की कमी की गयी थी। दिल्ली में आज इंडियन ऑयल के पंप पर पेट्रोल जहां 101.34 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 88.77 रुपये प्रति लीटर पर रहा। तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 101.34 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 88.77 रुपये प्रति लीटर पर रहा। अमेरिका में बेरोजगारी बढ़ने और अनुमान के अनुरूप अर्थव्ययवस्था के पटरी पर नहीं लौटने के कारण बने दबाव से कल अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी। कल अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रुड 0.40 डॉलर प्रति बैरल



उतकर 73.61 डॉलर प्रति बैरल पर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.70 डॉलर प्रति बैरल गिरकर 69.29 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

# पीएम पद के लिए राहुल गांधी से ज्यादा मोदी को सबसे ज्यादा तरजीह

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। एबीपी–सीवोटर–आईएएनएस बैटल फॉर द स्टेट्स सर्वे के मुताबिक, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के पांच राज्यों में कम से कम 51.6 प्रतिशत लोगों ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की तुलना में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में पसंद किया। जिसकी अप्रूवल रेटिंग महज 30.2 फीसदी है। सर्वेक्षण में यह भी खुलासा हुआ कि पंजाब को छोड़कर, अगले साल होने वाले चार अन्य राज्यों में मोदी सबसे पसंदीदा पीएम उम्मीदवार हैं। गोवा में 58 प्रतिशत से अधिक लोगों ने राहुल गांधी (39.4 प्रतिशत) की तुलना में मोदी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पसंद किया है। इसी तरह, मणिपुर में 56 प्रतिशत मतदाताओं ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के मुकाबले मोदी को तरजीह दी। राहुल गांधी को केवल 6.1 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला। हालांकि, 6.1 फीसदी ने दोनों में से किसी को नहीं चुना। उत्तर प्रदेश में, 48 प्रतिशत लोगों ने मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन दिया, जबकि 33.5 प्रतिशत शीर्ष पद के लिए राहुल गांधी को पसंद करते हैं। कुल 13.6 प्रतिशत लोगों ने दोनों में से किसी का समर्थन नहीं किया। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में, 49 प्रतिशत मतदाता पसंदीदा पीएम के रूप में मोदी का समर्थन किया है, जबकि 30.2 प्रतिशत ने राहुल गांधी को चुना है। सर्वे में शामिल कुल 9.6 फीसदी लोगों ने ना तो मोदी को समर्थन दिया और ना ही राहुल गांधी को समर्थन दिया। हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस शासित राज्य पंजाब में 39.4 प्रतिशत मतदाताओं ने ना तो मोदी का समर्थन किया और ना ही राहुल गांधी का, जबकि 9.8 प्रतिशत ने अपनी वरीयता नहीं दी। पंजाब में, मोदी वरीयता में राहुल गांधी से पीछे हैं। जिसमें 30.0 प्रतिशत लोगों ने राहुल गांधी का समर्थन किया और 20.5 प्रतिशत ने मोदी का समर्थन किया है। सर्वेक्षण के लिए कुल नमूना आकार 690 विधानसभा सीटों को कवर करते हुए पांच राज्यों में 81,006 था।

# मल्टीप्लेक्स चेंस पर बोलीं कंगना : चलो एक दूसरे का समर्थन करें

मुंबई, (वेब वार्ता)। अभिनेत्री कंगना रनौत इस बात से दुखी हैं कि उनकी आगामी फिल्म थलाइवी को अवरोध का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि तीन राष्ट्रीय मल्टीप्लेक्स श्रश्ंखलाओं ने कथित तौर पर फिल्म को समायोजित नहीं



करने का फैसला किया है, जो 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक समाचार लेख साझा किया, जिसमें थलाइवी को प्रदर्शित नहीं करने के राष्ट्रीय मल्टीप्लेक्स श्रश्ंखलाओं के बारे में बात की गई थी। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, यह दिल दहला देने वाला है। इसके बाद अभिनेत्री ने मल्टीप्लेक्स मालिकों के लिए एक नोट साझा किया। उसने लिखा, कोई भी फिल्म थिएटर नहीं चुन रही है, मेरे निमार्ता जैसे बहुत कम और बहुत बहादुर बड़े मुनाफे पर समझौता कर रहे हैं और केवल सिनेमा के प्यार के लिए विशेष स्ट्रीमिंग विकल्पों को छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इन समयों में हमें एक–दूसरे का समर्थन करना चाहिए और यह धमकाने या हाथ मोड़ने का समय नहीं है। हमारी फिल्म की लागत वसूल करना हमारा मौलिक अधिकार है। हमारे पास हिंदी संस्करण के लिए दो सप्ताह की खिड़की हो सकती है लेकिन दक्षिण के लिए हमारे पास चार सप्ताह की खिड़की है फिर भी मल्टीप्लेक्स हमारे खिलाफ हैं और वहां भी रिलीज को रोक रहे हैं। कंगना ने इसे अनुचित और क्रूर करार दिया। उन्होंने कहा, इन मुश्किल समय में जब महाराष्ट्र जैसे प्रमुख क्षेत्र भी बंद हैं, कृपया सिनेमाघरों को बचाने के लिए एक दूसरे की मदद करें। शनिवार की सुबह उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक और मैसेज शेयर किया। उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे बड़े नायकों और फिल्मों की बात करें तो मल्टीप्लेक्स श्रृंखलाओं के अलग–अलग नियम हैं। उन्होंने लिखा, उन्होंने अभी–अभी राधे को एक साथ ओटीटी और सिनेमाघरों में रिलीज किया है। उन्होंने मास्टर को 2 सप्ताह की विंडो के साथ रिलीज किया है, हॉलीवुड की फिल्में एक साथ ओटीटी रिलीज के साथ यूएस में रिलीज की हैं, लेकिन थलाइवी के दक्षिण में भी स्क्रीन करने से इनकार कर दिया है। तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री और पूर्व अभिनेत्री जे. जयललिता के जीवन पर आधारित थलाइवी 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

# श्रावस्ती में सड़क हादसे में पांच मरे,तीन घायल

श्रावस्ती, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती जिले के इकौना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटना में लोगों की मश्त्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होने हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने तथा प्रभावित लोगों को हर संभव मदद और राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुक्रवार और शनिवार की रात बौद्ध परिपथ पर ट्रैक्टर–ट्रॉली और टेंपो की जबरदस्त टक्कर से यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद टेंपो पलट गया और उस पर ट्रक चढ़ गया जिसकी वजह से लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आनन–फानन आठ हताहतों को रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पर डाक्टरों ने पांच को मश्त घोषित कर दिया जबकि तीन की हालत नाजुक बनी हुयी है। मरने वालों में निजाम (35), किताबुन निशा पत्नी समीउल्लाह (70), रुबीना (25), साफिया (50) और परवीन (25) शामिल है जबकि सायरा बानो, आसमा और एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुयी है। इस हादसे में एक छोटा बच्चा और टैंपो चालक सुरक्षित बच गए हैं। सभी बलरामपुर जिले के उतरौला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। ये लोग बहराइच की दरगाह दर्शन करने आये थे। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य और उप जिला अधिकारी इकौना आरपी चौधरी ने घटना स्थल का जायजा लिया है। पुलिस हादसे की वजह की जांच में जुटी है।

## लीना हेडी को गनपाउडर मिल्कशेक की सह–कलाकार एंजेला बैसेट से हुआ प्यार

मुंबई, (वेब वार्ता)। गेम ऑफ थ्रोन्स की स्टार लीना हेडे का कहना है कि उन्हें अपनी आगामी फिल्म गनपाउडर मिल्कशेक के सेट पर सह–अभिनेत्री एंजेला बैसेट पर क्रश हो गया है। गनपाउडर मिल्कशेक एक महिला–चालित थ्रिलर है जिसमें बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस हैं। नवोट पापुशेडो के निर्देशन में बहु–पीढ़ी के आख्यानों की एक समृद्ध पौराणिक कथा है, जो सदियों पुराने हत्यारे के लिए एक नया, 21 वीं सदी का रुष्टिकोण देती है। हेडी ने कहा कि फिल्म में बहुत सारी शानदार महिलाएं हैं। इसमें काफी एक्शन भी है। महिलाओं को पारंपरिक पुरुष भूमिकाओं में देखने के लिए और हिंसक होने के लिए बेखौफ जीवित रहना और गलतियों को सुधारना महान बात है। हेडी ने बताया कि उनका रिकदार भले ही वह बाहर से सख्त दिखता है, लेकिन उसके चरित्र में कई परतें हैं। अपने साथी कलाकारों के बारे में बात करते हुए, हेडी ने कहा कि सभी कलाकार अद्भुत है और मुझे उनमें से हर एक से प्यार हो गया है। मुझे एंजेला बैसेट पर क्रश हो गया है। गनपाउडर मिल्कशेक में करेन गिलन, कार्ला गुगिनो और पॉल जियामाटी भी हैं। पीवीआर पिक्च र्स 10 सितंबर को भारतीय सिनेमाघरों में गनपाउडर मिल्कशेक रिलीज करेगी।

# एथन हॉक फिल्म उद्योग में जीवित रहने की कोशिश कर रहे हैं

लॉस एंजिल्स, (वेब वार्ता)। हाल के वर्षों में फर्स्ट रिफॉर्मेड और जूलियट, नेकेड जैसी छोटी परियोजनाओं में नजर आ चुके अभिनेता एथन हॉक का कहना है कि उन्हें अक्सर ऐसा लगता है कि वह फिल्मी दुनिया में जिंदा रहने की कोशिश कर रहे हैं। उद्योग और एक समय में कई परियोजनाओं पर काम करने के लिए तैयार है। 50 वर्षीय अभिनेता ने दरैप को बताया, मैंने हमेशा एक पैर दूसरे के सामने रखा है, बस चलते रहने की कोशिश कर रहा हूं। कभी–कभी मैं एक बिल्ली की तरह महसूस करता हूं, बस जिंदा रहने की कोशिश कर रहा हूं। फीमेलफर्स्ट डॉट को डॉट यूके की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने साझा किया कि वह आभारी हैं कि स्वतंत्र फिल्में बनाना आसान हो गया है। कार्लोवी वेरी फिल्म फेस्टिवल में बोलते हुए, उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हॉक ने कहा, फिल्म व्यवसाय में जिस तरह से बदलाव आया है, उसमें से एक यह है कि स्वतंत्र फिल्में बनाने में इतना कम समय लेती हैं। जब मैं छोटा था, तो यह एक बड़ी बात होगी अगर आप एक साल में दो फिल्में बनाते हैं, लेकिन ऐसा इसलिए था क्योंकि ज्यादातर फिल्मों को बनाने में लगभग चार से पांच महीने लगते थे। हमने पांच हफ्तों में फर्स्ट रिफॉर्म्ड की शूटिंग की। हमने छह हफ्तों में जूलियट, नेकेड की शूटिंग की। अभिनेता रॉबर्ट एगर्स की ऐतिहासिक थ्रिलर



द नॉर्थमैन में अभिनय करेंगे और कहा कि यह सबसे बड़े पैमाने की फिल्म थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक काम किया था। उन्होंने कहा, मैंने इस साल रॉबर्ट एगर्स फिल्म की थी, जो कुछ ही समय में पहली फिल्म थी जो मैंने की थी जो वास्तव में बड़ी थी। रॉबर्ट वास्तव में उत्कृष्टता के स्तर के लिए प्रयास करता है जो वास्तव में रोमांचक है। यह उन दुर्लभ समयों में से एक था जब आप एक स्वतंत्र फिल्म बना रहे होते हैं, जिसके चारों ओर एक वास्तविक बजट होता है, इसलिए वह उस गति से काम करने में सक्षम होते थे जो मेरे शुरू होने पर अधिक थी। हॉक ने कहा कि फिल्म रॉबर्ट की पिछली तस्वीर द लाइटहाउस की तुलना में बहुत बड़ा महसूस करेगी, जिसमें विलेम डैफो और रॉबर्ट पैटिनसन थे। उन्होंने अपने काम के लिए निर्देशक की सराहना की। संबंधित फिल्मों के पैमाने के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, नहीं, नहीं। यह उससे बहुत बड़ा लगेगा, लेकिन यह उतना ही रोमांचकारी है। मेरा मतलब है, कौन जानता है? रॉबर्ट के बारे में क्या मजेदार है कि वह जाता है और नाचता हैं। मुझे नहीं पता कि यह काम करेगा या नहीं, लेकिन इसका हिस्सा बनना निश्चित रूप से रोमांचकारी था।

# चौडविक बोसमैन के नाम पर कॉलेज का नाम रखकर सम्मानित किया

लॉस एंजिल्स, (वेब वार्ता)। दिवंगत अभिनेता चौडविक बोसमैन को उनकी असामयिक मौत के एक साल बाद हावर्ड विश्वविद्यालय में याद किया गया और उन्होंने चौडविक ए. बोसमैन कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स का अनावरण किया। एटऑनलाईन की रिपोर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर यह खबर साझा की। हॉवर्ड यूनिवर्सिटी ने इमारत के एक वीडियो के साथ लिखा, चौडविक ए. बोसमैन कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स इंस्टालेशन अब आधिकारिक तौर पर चौडविक ए. बोसमैन कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स रूप से स्थापित हो गया है। कैप्शन में आगे लिखा, अपने आप में एक आइकन जिसने अगली पीढ़ी के लिए एक अतुलनीय विरासत छोड़ी है। धन्यवाद बोसमैन। बोसमैन ने हावर्ड विश्वविद्यालय में कॉलेज में भाग लिया और 2000 में निर्देशन में फाइन आर्ट्स स्नातक के साथ स्नातक किया। नाम बदलने की खबर मई में घोषित की गई थी, बोसमैन की पत्नी सिमोन लेडवर्ड ने उस समय एक बयान में कहा था, मुझे बेहद खुशी है कि हॉवर्ड विश्वविद्यालय ने मेरे पति को इस तरह से सम्मानित करने के लिए चुना है और खुशी है कि राशद ने डीन के रूप में भूमिका को स्वीकार कर लिया है। चौड एक बहुत ही गर्वित बाइसन थे, हावर्ड और राशद दोनों ने एक कलाकार के रूप में उनकी यात्रा में अभिन्न भूमिका निभाई। फाइन आर्ट्स कॉलेज की दोबारा स्थापना उनकी कहानी के इस हिस्से को पूर्ण–चक्र में लाती है और यह सुनिश्चित करती है कि उनकी विरासत आने वाले वर्षों के लिए युवा कहानीकारों को प्रेरित करती रहेगी। कोलन कैंसर से चार साल तक लड़ने के बाद पिछले साल अगस्त में बोसमैन का 43 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

# शेफाली शाह ने शुरू की अपनी आगामी फिल्म जलसा की शूटिंग

मुंबई, (वेब वार्ता)। बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपनी आगामी फिल्म जलसा की शूटिंग शुरू कर दी हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी फिल्म जलसा की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने पोस्ट लिखते हुए कहा, 'और इसकी शुरुआत'। फिल्म में मानव कौल और विद्या बालन मुख्य किरदार में हैं। इस फिल्म को डायरेक्ट सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी को सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर ने मिलकर लिखी है। फिल्म में इकबाल खान, विद्यार्थी बंदी , गुरपाल सिंह और रोहिणी भी अहम किरदार निभाते नजर आयेंगे।इस फिल्म को टी सीरीज और अबूनदांतिया एंटरटेनमेंट मिलकर प्रोड्यूस कर रहें हैं। हाल में ही शेफाली शाह ने अपनी फिल्म डॉक्टर जी की भी शूटिंग पूरी कर ली हैं। उन्होंने फिल्म डॉक्टर जी की टीम के लिए प्यारा संदेश देते हुए कहा था कि,ष्एक और अच्छी यात्रा का अंत हुआ। इसमें कुछ गलत नही है कि एक जैसे विचार रखने वाले लोगो की यह एक शुरुआत है। जोकि आपस मे मिलकर एक दूसरे से प्रभावित हो रहें हैं , दोस्ती कर रहें हैं , मुझे मेरे किरदार को जीवंत बनाने के लिए मदद कर रहे हैं। इतनी खूबसूरत टीम




जिसमें इतने हुनरमंद और शांत लोग है उन सभी को मेरा धन्यवाद। तुम सबको बहुत याद करूंगी। बता दें कि शेफाली शाह आलिया भट्ट संग फिल्म डार्लिंग्स में नजर नजर आएंगी। इसके अलावा वे दिल्ली क्राइम के दूसरे सीजन में भी नजर आएंगी।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954
मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।